हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 सड़क दुर्घटना रोकने गंभीरता से काम करने की जरूरत ...



14 विवेकानंद वार्ड में चला स्वच्छता अभियान



कामटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
B.Sc
BCA
B.Com
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
आज ही संपर्क करें
प्रातः 10 से 2 बजे

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### अधिकतम, न्यूनतम तापमान 26 से 24 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना

# रूक-रूककर हो रही बारिश से तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मंगलवार को दिनभर रूक-रूककर हल्की बारिश होती रही। इससे तापमान गिरकर 26 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग के अनुसार 31 जुलाई से वर्षा की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। नागपंचमी के दिन अंचल का मौसम खुशनुमा रहा। सुबह से हल्की बारिश का दौर चला। दिनभर रूक-रूककर बारिश होती रही।

किसान नेता घनाराम साहू, महावीर, रामनिहोरा निषाद ने बताया कि हल्की बारिश से किसानी कार्य प्रभावित नहीं है। किसानी कार्य जोरों पर है। कृषि मजदूरों के खेतों की ओर रूख करने से गांवों में लोग कम नजर आ रहे हैं। वहीं बारिश के चलते दिहाड़ी मजदूरी करने वालों को काम के लाले पड़ रहे हैं। काम के इंतजार के बाद उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है।

#### नगरी में 3 सेमी बारिश

सोमवार और मंगलवार के दरम्यान नगरी तहसील में 31 मिमी, बेलरगांव तहसील में 22 मिमी, कुकरेल तहसील में 13 मिमी, धमतरी में 8.4 मिमी, मगरलोड में 8.2 मिमी, कुरूद में 6.5 मिमी तथा भखारा में 6.3 मिमी वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है।

#### जुलाई माह तक वर्षा गतिविधि जारी रहेगी



मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश और इसके आसपास के क्षेत्र में निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। उत्तरी छग, झारखंड पश्चिम बंगाल तक एक द्रोणिका बनी हुई है। मानसून द्रोणिका औसम समुद्र तल पर गंगानगर से दिल्ली, सतना, जमशेदपुर होते हुए उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इसके प्रभाव से बुधवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

#### गंगरेल में 70 फीसदी जलभराव



कैचमेंट एरिया में हो रही हल्की मध्यम बारिश से गंगरेल बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार को गंगरेल बांध में 70 फीसदी जलभराव हो गया है। बांध में पानी की आवक करीब 5 हजार क्यूसेक हो रही है। बांध में 23.680 टीएमसी पानी है। माड़मसिल्ली बांध के जलस्तर में सुधार आया है। यहां 38 फीसदी पानी जमा हो गया है। दुधावा में 28 फीसदी तथा सोंढूर बांध में 38 फीसदी जल जमा हो गया है।

## खबर संक्षेप

#### विधायक अजय आज जीजामगांव में



**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में 30 जुलाई बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र भवन क्रमांक 1 का लोकार्पण एवं सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिपं धमतरी, श्रीमती गंगा साहू जनपद सदस्य कुरूद, डॉ. लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, आनंद गांधी पूर्व सदस्य जपं कुरूद होंगे। आयोजन की तैयारी में सरपंच देवचरण चंद्राकर, उपसरपंच होरीलाल महिलांगे, सचिव कुणाल देवांगन, पंचगण रमा यादव, कृष्णकुमार साखरे, गिरवर पटेल, सीमा पटेल, धनेश्वरी ध्रुव, संतोषी ढीमर, सुमंत मारकंडे, जनक कुर्रे, दुर्गेश साहू, खिलावन पटेल, टकेश्वर साहू, सुशीला साहू, रेखा साहू, त्रिवेणी पटेल, संतराम साहू, मोतिम पटेल, ढालसिंह ध्रुव, होरीलाल साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

#### जिले में अब तक 476 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 476.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 612 मि.मी. कुकरेल तहसील और सबसे कम 281.9 मि.मी. औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 602.3 मि.मी., नगरी तहसील में 499.6 मि.मी., कुरूद तहसील में 436.3 मि.मी., भखारा तहसील में 446.3 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 456 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज की औसत वर्षा 13.7 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 8.4 मि.मी., कुरूद तहसील में 6.5 मि.मी., मगरलोड में 8.2 मि.मी., नगरी में 31.5 मि.मी., भखारा में 6.3 मि.मी., कुकरेल तहसील में 13 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 22 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

#### भारतीय सेना के अदम्य साहस को किया याद

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कक्षा 12वी के छात्र ईशिका मंडल, श्रद्धा यादव, राशि साहू, सजल यादव एवं कक्षा 11वीं की छात्र नारायणी सिन्हा ने अपने भाषण में भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं वीरता को याद किया और सभी छात्रों में राष्ट्रीयता का भाव भरते हुए देश सेवा के लिए आगे आने का आव्हान किया। मुख्य वक्ता प्रदीप यादव, केवलसिंह साहू ने अपने ओजस्वी भाषण से छात्रों को रोमांचित कर दिया।

## शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण, रूपए भी ऐंठ लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज





शादी का झांसा देकर युवक ने युवती का दो साल तक दैहिक शोषण किया। इस दौरान युवक ने युवती से लाखों रूपए भी ऐंठ लिए। शिकायत पर रूद्री पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

पुलिस के अनुसार शहर की रहने वाली एक 36 वर्षीय युवक को वर्ष 2023 में बिलासपुर निवासी जलकिशोर कुर्रे ने शादी के संबंध में फोन करके कहा कि वह शादी के लिए लड़की तलाश रहा है। उसके बाद से युवती की जलकिशोर से फोन पर बातचीत होने लगी। दोनों के बीच 8 माह तक फोन पर बातचीत चलती रही। इसी बीच 4 नवंबर 2023 को युवक ने पीड़िता को मिलने के लिए बिलासपुर बुलाया। पीड़िता अपनी एक महिला मित्र के साथ युवक से मिलने बिलासपुर चली गई। युवक उसे लेने के लिए बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा। युवक के कहने पर पीड़िता अपनी सहेली के साथ जलकिशोर कुर्रे के नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर स्थित उसके क्वाटर में चली गई। यहां युवक ने शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता से दुष्कर्म किया। इसी तरह शादी का झांसा देकर आरोपी जलकिशोर कुर्रे ने पीड़िता के साथ 12 मार्च 2025 तक कई बार दुष्कर्म किया। इसी दौरान वर्ष 2023 से आरोपी ने गाड़ी, मोबाइल, टीवी लेने व अन्य खर्च के नाम पर पीड़िता से 3.50 लाख रूपए भी ठग लिया। जब पीड़िता ने जलकिशोर को शादी के लिए बोला तो उसने दो माह का समय मांगा। इस दो माह के बीच आरोपी ने पीड़िता को बिना बताए दूसरी लड़की से शादी कर ली। पीड़िता ने आरोपी जलकिशोर कुर्रे के खिलाफ शारीरिक व आर्थिक शोषण करने की शिकायत रूद्री थाना में की है। पुलिस ने आरोपी जलकिशोर के खिलाफ धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचनरा में लिया है।

### आरोपियों के कब्जे से चोरी की ज्वेलरी बरामद

### कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

## शिक्षक दंपति के घर चोरी करने वाले यूपी के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बंद मकान के तालों को तोड़कर आलमारी से नगदी व सोने-चांदी के जेवरों की चोरी कर फरार यूपी के दो आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय सोरिद नगर निवासी शिक्षक दंपति राजू सालोमन व उसकी पत्नी बीते 6 मई को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर गए थे। 7 मई की सुबह घरेलू सहायिका काम करने उसके घर पहुंची तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पाया। इसकी सूचना तत्काल मकान मालिक को दी। उसके बाद राजू सालोमन तुरंत रायपुर से अपने घर सोरिद नगर पहुंचा। घर के दरवाजा, कमरा व आलमारी का ताला टूटा हुआ पाया। वहीं आलमारी में रखे 40 हजार नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरों की चोरी हो गई। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस टीम तकनीकी विश्लेषण व मुखबिरों की मदद से संदेहियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पुरूर स्थित विद्युत कार्यालय के पास दो संदिग्ध राजा खान उम्र 25 वर्ष व मोहम्मद दानिश उम्र 22 वर्ष उत्तर प्रदेश निवासी को पकड़ा । पूछताछ में दोनों ने 6 मई को सुनसान मकान को चिन्हित कर रात्रि लगभग 2 बजे दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर से नगदी व जेवरों की चोरी करना स्वीकार किया। चोरी की रकम 40 हजार को दोनों ने आपस में बांटकर खर्च कर देना बताया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो जोड़ी सोने की बाली, 6 जोड़ी चांदी की पायल, एक करधन व घटना में उपयोग की गई पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 एएच 2221 व लोहे का सरिया व पेचकश बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी राजा खान पिता सफदर अली व मोहम्मद दानिश पिता मुनाजुल हक दोनों बदायू उत्तरप्रदेश निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

#### आरोपी पहले भी कर चुके हैं चोरी

गिरफ्तार आरोपी अन्य अपराधों से भी जुड़े हुए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि 20 जुलाई 2025 को अपने एक अन्य साथी सैफुद्दीन के साथ जबलपुर के तिलवारा थाना क्षेत्र में भी एक बंद मकान का ताला तोड़कर 20 हजार रूपये नगदी व चांदी के जेवरों की चोरी की थी। चोरी करने में उपयोग की गई कार को आरोपियों ने जबलपुर रेलवे स्टेशन में छोड़ दिया था। वहीं चोरी के जेवरों को सैफुद्दीन अपने साथ ले गया।

## 81 यजमानों ने किया मंत्र का जाप



काल सर्पदोष निवारण पूजा रुद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हुई

**धमतरी।** काल सर्प दोष निवारण पूजा रुद्रेश्वर महादेव मंदिर रुद्री में आयोजित की गई। इस पूजा में 81 यजमानों ने भाग लिया, जिसमें धमतरी शहर के साथ रायपुर, गरियाबंद, कांकेर, अंतागढ़ दुर्ग, बालोद जिले के लोग शामिल थे। यह पूजा विप्र विद्वत परिषद द्वारा आयोजित की गई थी। आचार्य पं. महेश शास्त्री, अशोक शास्त्री सहित विद्वान पंडितों ने पूजा संपन्न कराई। उन्होंने बताया कि काल सर्पदोष एक ज्योतिषीय स्थिति है। इसके बारे में कहा जाता है कि यह जीवन में बाधाएं और कठिनाइयां लाता है। इस दोष से पीड़ित लोगों को अक्सर सांपों से संबंधित सपने आते हैं। विवाह में देरी या समस्याएं होती हैं। जीवन में अशांति का अनुभव होता है। इस पूजा में यजमानों ने कालसर्प दोष के नकारात्मक प्रभावों को शांत करने के लिए मंत्रों का जाप किया। भगवान शिव की पूजा की और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए। इस अवसर पर महेश शास्त्री, होमन प्रसाद शास्त्री, महेंद्र तिवारी, आलोक त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, सूर्यकांत तिवारी, सूरज तिवारी, अयोध्या पाण्डेय, राजा तिवारी, राजकुमार तिवारी मौजूद थे।

## खाद की कालाबाजारी : यूरिया, डीएपी के साथ लादन लेने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ 1200 की डीएपी 1900 में, 292 का यूरिया 450 रूपए में खरीद रहे किसान



अंचल के कृषकों को खरीफ फसल में धान की खेती के लिए यूरिया डीएपी जैसी खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। खुले बाजार में अधिक दाम पर खरीदने के साथ लादन के रूप में टॉनिक जैसी कीटनाशक दवाई मजबूरी में खरीदनी पड़ रही है जिसकी कीमत खाद से अधिक है।

किसानों ने खाद की कालाबाजारी रोकने की मांग की है। किसान नेता घनाराम साहू, देवनारायण साहू, रामविशाल साहू ने बताया कि अंचल के किसानों को खेती कार्य के लिए खाद नहीं मिल रही है। सरकारी सोसाइटियों मे खाद नहीं है। व्यापारी अधिक दाम में खाद बेच रहे हैं। ऊपर से कीटनाशक लादन में दे रहे हैं जो कि किसानों के काम का नहीं है। खुले बाजार में 1200 की डीएपी 1900-2000 रुपए में बिक रही है। वहीं 272 रुपए के यूरिया को 450 से 500 रूपए में खरीदने मजबूर हैं। कृषक रामनिहोरा, विजय साहू, पल्टनराम साहू का कहना है कि खेती में खाद की किल्लत से बजट बढ़ गया है। उत्पादन के एवज में लागत ज्यादा आ रही है।

## अनवरत बारिश से खेती किसानी का काम रूका



■ निंदाई, गुड़ाई, रोपाई के साथ खाद, दवा का छिड़काव नहीं हो पा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल में हो रही अनवरत बारिश से कृषि कार्य में रूकावट आ गई है। ग्राम बलियारा के कृषक पन्नालाल साहू ने बताया कि बारिश से खेतों में घुटने तक पानी भर गया है। पानी की निकासी नहीं होने से रोपाई, लेहीचोपी, निंदाई, गुड़ाई का काम पूरी तरह रुक गया है। बदली आने से धान फसल में बीमारी लग गई है, लेकिन लगातार बारिश की वजह से कीटनाशक, खाद का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। किसान असमंजस की स्थिति में है। खुर्रा बोनी वाले खेतों में चलाई का काम पूरी तरह रूक गया है। खेतों में पानी की धार चलने से फसल गलने लगी है।

कृषक उदेराम ध्रुव, खरेराम साहू ने बताया कि उनके खेत में लगी धान फसल गल गई है। बारिश थमने पर लेही पद्धति से या रोपाई करके धान की बोनी फिर से करेंगे। अत्यधिक पानी से खेती-किसानी का काम एक माह पिछड़ गया। बीमारी फसल को बर्बाद कर रही है। बारिश में कीटनाशक दवाई का छिड़काव पूरी तरह रूक गया है।

### कालसर्प पूजा अनुष्ठान कराने दूर-दूर से पहुंचे यजमान

## नागदेव मंदिर में उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ सुबह से देर शाम तक हुआ प्रसादी वितरण





प्रकृति पूजन का पर्व हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर के हटकेशर स्थित नाग मंदिर में तड़के 4 बजे से श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा। थाली में श्रीफल, दूध, लाई, बताशा आदि पूजन सामग्री के साथ देर शाम तक मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। नागपंचमी के अवसर पर नागदेव मंदिर में 25 जातकों का कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान संपन्न किया गया।

नागदेव मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे वार्ड के जीवन बंजारे, महेंद्र रावटे, हेमंत भांडे ने कहा कि हटकेशर में वर्षों से परंपरा चली आ रही है कि नागपंचमी पर्व पर घर-घर से लोग नागदेवता के मंदिर में पूजा-अर्चना करने आते हैं। हटकेशर में 11वीं सदी का प्रसिद्ध नाग देव मंदिर है। नगरवासियों के सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। इस मंदिर के संरक्षण के लिए शासन-प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

इस अवसर पर नागदेव मंदिर समिति, नागदेव महिला समिति की पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

#### 25 जातकों का कालसर्प अनुष्ठान

त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग से कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान के लिए पहुंचे आचार्य पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि नागपंचमी के शुभ मुहूर्त में 25 जातकों का कालसर्प निवारण अनुष्ठान किया गया जिसमें यशवंत देवांगन हटकेशर, कु.लक्ष्मी देवांगन गंगोरीपार, कु. छाया देवांगन कांकेर, हिमांशु नेताम कांकेर, कु.रूही नेताम कांकेर, स्वाति नेताम चारामा, अनन्या नेताम माकड़ी, दीपाशु देवांगन, डिलेश्वरी सपहा, देवांशी गड़वी, कु.प्रकृति नाग शीतलापारा, रूपेशकुमार थुहा, शोभितकुमार गाड़ाडीह, तोयश साहू महासमुंद, नोईशा साहू गोकुलपुर, कु. स्वाति जाधव, कु. श्वेता जाधव, श्रीमती मिथलेश्वरी साहू, शशांक तारम, भरत देवांगन, भानू सिन्हा, सौरभ सोनबेर, योगेंद्र सिन्हा शामिल हुए। अनुष्ठान में नालेश्वरी जोशी, पं. द्विवेदी तथा नारायण कौशिक मौजूद थे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

बेहड़ापारा डोंगरडुला के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत नगरी में दिया ज्ञापन

# सरकारी कुआं से अतिक्रमण हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम बेहड़ापारा डोंगरडुला में सरकारी कुआं है। इसका उपयोग पहले मोहल्लेवासी पानी पीने, नहाने धोने के लिये करते थे। इस पर गांव के व्यक्ति संतोष चौहान ने अतिक्रमण कर उसे पाट दिया है। उस पर मकान बनाया जा रहा है। इसका विरोध गांव वालों द्वारा किया गया, लेकिन उक्त व्यक्ति पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। अतिक्रमण को शीघ्र हटवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जनपद पंचायत नगरी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पूर्व में भी शिकायत की थी। दो माह पहले पटवारी द्वारा पंचनामा की कार्रवाई की गई थी।



ग्राम समिति अध्यक्ष रामसंजीवन बघेल, उपसरपंच सुरेंद्र साहू, पेमन साहू, अनराज साहू, प्रतापनारायण साहू, पूर्व सरपंच फुलेश्वरी नेताम, चमेली साहू, महेंद्र ध्रुव, पंच सुनीता बघेल, पंच रामेश्वरी साहू, पंच शासन ध्रुव, पंच रेवती यादव, पंच अनीता ध्रुव, पंच जितेंद्र ध्रुव, पंच थानुराम, पंच देवलाल लच्छू, धारू बालाराम, पंच मनराखन साहू, पुराणिक ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, धनीराम ध्रुव शिकायत लेकर पहुंचे। इस संबंध में संतोष चौहान ने बताया कि कुआं जर्जर हालत था। कई जानवर गिर गए थे। ग्राम पंचायत को इस बारे में कई बार अवगत कराया गया था, उसके द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। यहां पर कांक्रीट कर भगवान शंकर की स्थापना की गई है।

## मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण समाज ने मनाया श्रावणी तीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने उत्साह के साथ श्रावणी तीज मनाया। श्रावण महोत्सव पर महिलाओं ने झूला झूला। राजस्थानी गीतों पर डांस किया। आकर्षक गेम खेला गया। सरोज शर्मा ने प्रथम रही विशाखा शर्मा, द्वितीय पूजा शर्मा, पूजा चौबे, तृतीय अर्चना चौबे को पुरस्कार दिया। नीलू शर्मा ने टेडी गेम में प्रथम रही नीरू शर्मा, द्वितीय प्रशस्ति राजोरिया, तृतीय कमलेश राजोरिया को पुरस्कृत किया। आरती शर्मा, पूजा चौबे ने अंताक्षरी गेम में प्रथम रही प्रियंका शर्मा, आर्शिता शर्मा, द्वितीय प्रशस्ति राजोरिया, शिवानी शर्मा, तृतीय अनिमिका शर्मा, इंदिरा दुबे को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में सरोज शर्मा, नीला शर्मा, अर्चना चौबे, आशा श्रोती, शकुन्तला शर्मा, कमलेश राजोरिया, प्रभा चौबे, प्रियंका शर्मा, आरती शर्मा, पूजा चौबे, भारती शर्मा, ललिता शर्मा, विमला शर्मा, नीलू शर्मा, हेमलता राजोरिया, विशाखा शर्मा, सोनल श्रोती, विशाखा शर्मा, अलका शर्मा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अर्शिता शर्मा ने किया।



## खबर संक्षेप



### बैगलेस डे में बच्चों ने बनाए प्लास्टिक के फूल

**महासमुंद**। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला में प्रति शनिवार बस्ता विहिन शनिवार के रुप में आयोजित किया जाता है। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल ने बताया कि विद्यालय के वार्षिक कार्य योजना के तहत घर की सजावट को ध्यान में रखते हुए बच्चों को प्लास्टिक का फूल बनाना सीखाया गया। इस बैगलेस डे पर प्लास्टिक पन्नी से फूल निर्माण को सफल बनाने में सर्व अभिषेक सालोंमन, भूपेंद्र चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, लीना पांडेय, अंजुम शेख़, संगीता परगनिया, सिराज बक्स, सुनीता ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव, सुचिता लकरा विशेष रूप से उपस्थित थीं। बैगलेस डे के मुख्य प्रशिक्षक संस्था के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल थे। उपरोक्त जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने दी है।

### देह व्यापार के आरोप में युवक-युवती गिरफ्तार



**रायपुर**। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पिछले दिनों देह व्यापार करने के आरोप में पुलिस ने जिस युवक, युवती को गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बोरियाकला के रहने वाले एक युवक तथा युवती को गिरफ्तार किया है। देह व्यापार के आरोप में पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ गोपालू तथा एक युवती को गिरफ्तार किया है। इन लोगों द्वारा मकान किराए पर लेकर युवतियों को बुलाकर देह व्यापार कराने का आरोप है।

### रीपा योजना में गड़बड़ी पंचायत सचिव सस्पेंड

**महासमुंद**। रीपा योजना में शासन स्तर पर जांच-पड़ताल के बाद गड़बड़ी पाए जाने के मामले में ग्राम पंचायत बिरकोनी के सचिव शंकर साहू को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जनपद पंचायत के तात्कालीन सीईओ निखत सुल्ताना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## निधन

### रमेश देवांगन

**धमतरी**। श्री रामचरित मानस के व्याख्याकार रमेश देवांगन 75 वर्ष का स्वर्गवास हो गया। उनकी अंत्येष्टि ग्राम अछोटा के महानदी में संपन्न हुई। वे पीयूष देवांगन अधिवक्ता के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।



### चिंताराम साहू

**कुरूद**। समीपस्थ ग्राम चर्रा निवासी चिंताराम साहू 55 वर्ष का आकस्मिक निधन 28 जुलाई को हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे छबिलाल साहू के छोटे भाई, डेमन साहू के पिताजी, गणेश साहू, महेश साहू के चाचाजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।



## प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना : कुरुद संभाग में 40 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित

■ योजना की जानकारी देने के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**कुरुद**। हर घर को सौर ऊर्जा से रोशन करने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत कुरुद संभाग में अब तक 40 रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा चुके हैं। इस योजना से न केवल बिजली बिल में राहत मिल रही है, बल्कि आमजन भी स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस योजना अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को 3 किलोवाट तक के सोलर प्लांट की स्थापना पर केंद्र सरकार द्वारा 30,000 से 78,000 तथा राज्य सरकार द्वारा 15,000 से 30,000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस प्रकार पात्र उपभोक्ताओं को अधिकतम 1,08,000 तक की सब्सिडी प्राप्त हो सकती है। योजना की जानकारी एवं मार्गदर्शन देने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मगरलोड ब्लाक में 30 जुलाई को ऑफिसर क्वार्टर, लुगे रोड में भखारा बाजार चौक एवं कुरुद के शिक्षक कॉलोनी में शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगेगा।

## वीर जवानों के अद्वितीय साहस को किया प्रणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की रासेयो इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भावपूर्ण स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय सेना के वीर जवानों के अद्वितीय साहस और राष्ट्रभक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि कारगिल विजय केवल सैन्य सफलता नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की एकजुट, साहस और समर्पण का प्रतीक है। हमारे वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिए। युवाओं को भी इन्हीं मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। स्वयंसेवकों ने भी देश भक्ति गीत व कविताओं के माध्यम से वीर जवानों की शौर्य गाथा को जीवंत किया। मौके पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी व रासेयो के स्वयंसेवक दिव्या पटेल, योगिता पटेल, प्राची, वर्षा, मोनिका आदि उपस्थित थे।




## टीम बनाकर कर रहे फसल की रखवाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत गोजी में इस वर्ष भी दस-दस लोगों की टीम बनाकर दिन और रात में बारी-बारी से फसल की रखवाली की जा रही है। उन्हें लाठी दी गई है। मौके पर सरपंच जयमित्र साहू, ग्रामीण अध्यक्ष बरातूराम साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष रामनाथ साहू, सचिव देवलाल पाल, पूर्व पंच विज्ञान साहू, साहू समाज अध्यक्ष तुकाराम साहू, प्यारेलाल साहू, नरसिंह साहू, रिंकू यादव, खेमेश्वर साहू, मुकेश साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## वेदों का विभाजन किया इसलिए वेदव्यास कहलाए

■ यशवंतराव मेघावाले महाविद्यालय में महर्षि वेदव्यास जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारतीय शिक्षण मंडल छग प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर चौबे पूर्व प्राचार्य बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी, विशिष्ट अतिथि निरंजन हिरवानी जिला समन्वयक रासेयो एवं पीतांबर सिन्हा कार्यक्रम अधिकारी शासकीय महाविद्यालय कंडेल थे।

कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य गुरु और शिष्य के बीच अटूट संबंध को बनाए रखना है। भारत में हजारों साल से गुरु-शिष्य परंपरा चलती आ रही है। गुरु का अर्थ है अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला यानी गुरु ही शिष्य को जीवन में सफलता के लिए उचित मार्गदर्शन करता है। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर चौबे ने उदाहरण के माध्यम से गुरु और शिष्य के संबंध में जानकारी प्रदान की। महर्षि वेदव्यास ने वेदों का विभाजन किया इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। महाभारत ग्रंथ की रचना भी महर्षि वेदव्यास ने की। विशिष्ट अतिथि निरंजन हिरवानी एवं पीतांबर सिन्हा ने मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जिज्ञासु होने के लिए प्रेरित किया ताकि गुरु द्वारा दिए गए ज्ञान को आत्मसात कर सके। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशीला साहू ने किया। मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन, कौसलेश कुमार ध्रुव, डॉ यशोदा साहू, सुश्री निरूपा साहू ,डॉ रमा चंद्राकर, दीपक कश्यप, डॉ. विनोद कुमार, नीरज कुमार साहू, सुश्री सुषमा टंडन समेत महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## सिवनीकला स्कूल में छात्र संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शाउमावि सिवनीकला में छात्र संघ का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लिए किया गया। शाला नायक प्रियांशु साहू, उपशाला नायक मुस्कान साहू, सचिव तामेश्वर साहू, सहसचिव तेजस्विनी साहू, सांस्कृतिक सचिव तेजस्विनी यादव, सह सांस्कृतिक सचिव माधुरी तारक, क्रीड़ा सचिव केशिका तारक, सहक्रीड़ा सचिव वासु निर्मलकर, अनुशासन प्रभारी प्रशांत साहू, सहप्रभारी प्रवीण चंद्राकर, वाणी, राधिका, स्वच्छता प्रभारी राहुल पिंजरा, सह स्वच्छता प्रभारी योगेश, गितेश कुर्रे, खुशबू बनाए गए।



पदाधिकारियों को प्राचार्य टीआर पटेल द्वारा शपथ दिलाई गई। मौके पर व्याख्याता एनएस साहू, पी.ठाकुर, आर.कोसरे, एलके नायक, डीडी निर्मलकर, डीआर बंजारे, केके गायकवाड, एस. मारकंडेय, डीके धीवर, टी.साहू, जेके साहू, सुश्री आर.पैकरा, एचके साहू, जेके साहू, एके साहू, एलसाहू, एम.नरेटी, डीके साहू, एस.साहू मैडम उपस्थित रहे।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष टकेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश, सुशील साहू सांसद प्रतिनिधि, कपिल पटेल विधायक प्रतिनिधि, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, विक्रम साहू, सुरेश तारक, दिलीप साहू, सुरेश साहू, खिलावन चन्द्राकर, कुंजीलाल साहू, सुरेश साहू पालक सदस्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

## माशा बोड़रा के दो छात्रों का प्रयास में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

माशा बोड़रा से इस वर्ष भी प्रयास आवासीय विद्यालय बालोद (दुर्ग) के लिए दो छात्र ओमन कुमार पिता अगरचंद एवं दिनेश कुमार पुजारी पिता लोक नाथ पुजारी का चयन हुआ है। माशा बोड़रा से ही कुमारी गीतिका काशी पिता गिरेंद्र काशी ने सत्र 2025-26 में एनएमएमएस की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य नीरज सोन, संकुल समन्वयक सुरेंद्र कुमार लोन्हारे, सरपंच शत्रुघन नाग, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर पुजारी, पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार साहू, अशोक कश्यप, दशरथ साहू एवं ईश्वर पुजारी, शिक्षक गौरी साहू, भूपेश बनपेला, गोविंद निषाद, गौकरण कश्यप, विकास कश्यप ने हर्ष जताया है।

## नाट्य मंडली बहुओं को रामचरित मानस भेंटकर अध्यात्म से जोड़ रही

■ ग्राम पंचायत कठौली में 100 वर्ष से नाट्य मंडली संचालित, धर्म का कर रही प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत कठौली में 100 वर्ष पूर्व से नाट्य मंडली संचालित है। बताया जाता है कि मंडली के संस्थापक रामरतन निषाद ने मोर पंख से पार्ट लिखकर मंडली को गांववालों के सहयोग से संचालित किया। वर्तमान में खेलूराम पटेल मंडली के अध्यक्ष हैं। मंडली प्रतिवर्ष नई बहुओं को सावन माह में रामायण पढ़ने के लिए प्रेरित करने रामचरित मानस ग्रंथ घर घर जाकर दिया जाता है। आज भी यह मंडली विभिन्न गांवों में जाकर अपनी कला दिखाती है। गांव की बहू बेटी को रामकथा से जोड़कर यह संगठन आध्यात्मिक रूप से परिवार को भी मजबूती प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हिंदू धर्म के प्रति लोगों को जागरूक बनाना और आस्था बनाए रखना उनका एकमात्र उद्देश्य है।



मौके पर उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि यहां की मंडली 100 वर्ष से भी ज्यादा पुरानी है। मंडली के सदस्य गांव की बहू बेटी को सम्मान सहित रामचरित मानस ग्रंथ भेंट कर धर्म के प्रति लोगों में आस्था बढ़ा रहे हैं।

मौके पर अध्यक्ष खेलूराम, उपाध्यक्ष छबिलाल साहू, रामायण मंडली अध्यक्ष नोहर साहू, नरसिंग साहू, देवनारायण सेन, महेश निषाद, अरुण साहू, ऋषभ निषाद, अनुरूद्ध निषाद उपस्थित थे।

## पर्यावरण संतुलन के लिए किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर सेनचुवा में पौधरोपण किया गया। शीतला मंदिर के तालाब पार में पौधे रोपे गए। उल्लेखनीय है कि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हर साल 28 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जैसे जल, वायु, मिट्टी, वनस्पति, वन्यजीव, पर्यावरण संतुलन, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना है ताकि वे प्रकृति के महत्व को समझें और उसे बचाने की जिम्मेदारी लें। भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधन बचाना भी है ताकि अगली पीढ़ियां भी प्रकृति का लाभ उठा सकें। मौके पर सरपंच जितेंद्र साहू, उपसरपंच प्रतिभा साहू, रेवती साहू, सुरजा ध्रुव, अनुराधा ध्रुव, सरस्वती खुटेर, परमिला साहू, आस्था, निकिता, जुलिका, मुस्कान, पवन यादव, रूपन साहू शिक्षक, सोमनाथ साहू, सोहन मंडावी, टोकेश्वर नेताम, विक्रम साहू समेत अन्य मौजूद थे।

नगर निगम की मवेशी धरपकड़ कार्रवाई जारी

# लालबगीचा क्षेत्र से आठ जर्सी गायों को पकड़कर अर्जुनी गौठान में छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों के विरुद्ध निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को निगम की गौठान टीम द्वारा लालबगीचा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 8 जर्सी गायों को पकड़ा गया, जिन्हें काऊ कैचर वाहन के माध्यम से अर्जुनी स्थित गौठान में सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया। नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पी.सी. सार्वा के निर्देशानुसार यह कार्रवाई आवारा मवेशियों के कारण हो रही जन असुविधा, यातायात में अवरोध और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने की दृष्टि से की गई। निगम अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए मवेशियों को गौठान में पहुंचाकर उनके चारे-पानी और देखरेख की उचित व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी सतत रूप से जारी रहेगा। निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को खुला न छोड़ें, अन्यथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम के तहत जुर्माना एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। शहर की सुंदरता, स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। ऐसे जनहित कार्यों में निगम की टीम पूरी तत्परता से कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी।



## प्रेरणादायक कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हुई सम्मानित

**धमतरी**। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अछोटा सेक्टर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कला ध्रुव ने दो ऐसे बच्चे जो पूर्व में निजी नर्सरी स्कूल में अध्ययनरत थे, वापस आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रारंभिक शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणादायक कार्य के लिए श्रीमती कला ध्रुव को महिला एवं बाल विकास सभापति श्रीमता मोनिका देवांगन ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवांगन ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वह कड़ी होती है जो शिशु के गर्भकाल से लेकर शिक्षणकाल तक, एक-एक परिवार से जुड़कर कार्य करती हैं। बच्चों के भविष्य की नींव को मजबूत करती है।

## आमदी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला आमदी में भोर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत बच्चों को पौधा वितरण किया गया। बच्चों को अपनी मां के नाम पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मां पर निबंध लिखने को कहा गया जिससे उनमें अभिव्यक्ति की भावना जागृत हो सके। विद्यालय में पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम में तृप्ति रानी मांडवी प्रधानपाठक, कीर्ति बारले, सूर्यकांत, जय देवांगन, लोकेश, थनेद्र, टामन, बालमुकुन्द साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में 6 वीं से 12वीं तक मिलेगी निःशुल्क आवासीय शिक्षा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल नवा रायपुर के निर्देशानुसार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के दो प्रथम संतानों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित की गई है, जिसमें निःशुल्क आवासीय शिक्षा कक्षा 6वीं से 12 वीं तक प्रदाय किया जाएगा। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कक्षा 6 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं 5 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया कक्षा पांचवी में प्रतिशत (मेरिट बेस) के आधार पर किया जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं को राज्य के निजी आवासीय विद्यालय जैसे जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर या राज्य के अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा और समस्त शैक्षणिक, आवासीय शुल्क मंडल द्वारा वहन किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए न्यूनतम अर्हता एक वर्ष पुराना श्रमिक पंजीयन तथा आयु न्यूनतम 10 वर्ष एवं अधिकतम 12 वर्ष या 1 अप्रैल 2012 के बीच होनी चाहिए। इस योजना से प्रथम दो संतान ही पात्र होंगे। अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना हेतु स्कूल द्वारा जारी अध्ययनरत प्रमाण-पत्र, श्रमिक पंजीयन कार्ड, श्रमिक के पुत्र-पुत्री का आधार कार्ड, कक्षा 5 वीं की उत्तीर्ण अंकसूची, स्व-घोषणा पत्र योजना के संबंध में छात्र-छात्राओं का मूल निवास प्रमाण-पत्र तथा स्व-घोषणा पत्र आदि दस्तावेज अनिवार्य होगा।

### बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा भण्डारण

**कांकेर ।** जिले में किसानों को बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी समितियों में बीज एवं उर्वरक का भण्डारण किया जा रहा है। जिले के सहकारी समितियों में अब तक 10908 क्विंटल धान बीज का भण्डारण किया गया है। समितियों में कृषकों की मांग अनुरूप किस्म-आईआर 64, एमटीयू-1010, एमटीयू-1001, स्वर्णा, विक्रम टीसीआर, एमटीयू-1156, सोनागाठी, डीआरआर 42 किस्मों का भंडारण किया गया है, जिसमें से किसानों द्वारा अब तक 9673 क्विंटल बीज का उठाव किया जा चुका है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से 12, 724 मेट्रिक टन यूरिया 3524 मेट्रिक टन डीएपी, 8178 मेट्रिक टन, एसएसपी, 4509 मैट्रिक टन एमओपी, 4941 मेट्रिक टन एनपीके का भण्डारण किया गया है।

### दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय कोदाभाट में प्रवेश प्रारंभ

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विशेष विद्यालय, छात्रावास कोदाभाट कांकेर में कक्षा पहली से कक्षा 8वीं तक के दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों बालक का सीमित सीट के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक पालक अपने पुत्र, पाल्य को कार्यालयीन दिवस एवं समय में सरोना रोड ग्राम कोदाभाट में स्थित संस्था में उपस्थित होकर दाखिला करा सकते हैं।

नार्को को-ऑर्डिनेशन, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति एवं नवीन कानून क्रियान्वयन पर समन्वय बैठक

# सड़क दुर्घटना रोकने गंभीरता से काम करने की जरूरत : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, नवीन कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने की। बैठक में पिछले बैठक के बिंदुओं और सुझावों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई। सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर द्वय रीता यादव, इंदिरा देवहारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी मीना साहू, मोनिका मरावी सहित जिले के एसडीएम संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि युवाओं का भविष्य नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जिसे रोकने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा और ठोस कदम उठाए जाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रा ने बताया कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित व समर्पित प्रयास किए गए हैं। अब तक नशे के कारोबार से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है तथा मादक पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। वाहनों पर चलानी कार्रवाई सहित हेलमेट, सीट बेल्ट बांधे बिना वाहन चालकों पर भी कार्रवाई कर जुर्माना लगाया गया।

कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक सिग्नल और अन्य अधोसंरचना कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय, जैसे स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड आदि लगाए।

कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

उन्होंने यातायात नियमों का पालन एवं सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले जंक्शन पॉइंट पर गति अवरोध के लिए मानक रंबल स्ट्रिप बनाने पर बल दिया। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए लोगों को हेलमेट पहनने लगातार प्रेरित करने कहा। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही के निर्देश दिये।

## कोटेश्वर महादेव मंदिर में हुआ जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

श्रावण मास के पवित्र अवसर पर भीमा कोटेश्वर महादेव मंदिर कोटाभर्री में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

सोमवार को श्रद्धालओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पूजा-अर्चना कार्यक्रम में पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा एवं श्याम धावड़े डायरेक्टर आबकारी विभाग छग शासन सहित कई गणमान्य नागरिका शामिल हुए। शाम को भीमा महादेव का विधिवत रुद्राभिषेक कर पूजन किया गया। मौके पर मुकेश बघेल अध्यक्ष कोटेश्वर सेवा समिति, संरक्षक मदन नाग, तुकेश साहू सहित अनेक गांव के श्रद्धालुजनों ने कांवर यात्रियों का स्वगत किया। रुद्राभिषेक, पूजन तथा आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

## होम हेल्थ सहायता कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अम्बेडकर भवन दानीटोला में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत एचएच ऐड (होम हेल्थ सहायता) कोर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका शुभारंभ 28 जुलाई को हुआ। संस्था अध्यक्ष भोला प्रसाद साहू एवं आर. कुंजाम की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। मौके पर महासचिव सुभाष साहू, सचिव श्रीमती राखी सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, सेंटर हेड श्रीमती लक्ष्मीन मटियारा, प्रशिक्षक खुशबू साहू, मीनल रामटेके, वेदकुमारी और शुभम देवांगम मौजूद थे।

## देमार स्कूल में छात्रसंघ परिषद का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला देमार में छात्र संघ परिषद का गठन किया गया। परिषद प्रभारी जेएल साहू व्याख्याता ने बताया कि शाला नायक, उप नायक एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों का चयन किया गया। कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्रा मुस्कान खुटारे को शालानायक एवं कुमारी रेणुका साहू को उपशाला नायक चुना गया। क्रीड़ा सचिव सुनील एवं कामिनी साहू, रेडक्रॉस प्रतिनिधि टिकेश्वर एवं माधवी साहू, स्काउट गाइड प्रतिनिधि माधवी, जिमेश यादव, जान्हवी साहू, निर्धन छात्र कोष प्रतिनिधि चंदन साहू, सुमन ध्रुव, विज्ञान क्लब प्रतिनिधि सौरभ साहू, मानसी साहू, भूगोल प्रतिनिधि कुलदीप देशमुख, इको क्लब प्रतिनिधि संजु पटेल, टेमिन साहू, सांस्कृतिक सचिव एकराम, यामिनी विश्वकर्मा, गणित परिषद प्रभारी मनीष साहू, मोनिका साहू, वाणिज्य परिषद प्रियांशु यादव, नम्रता साहू हिंदी परिषद प्रवीण यादव, आयुषी बंजारे, अंग्रेजी क्लब दीपांशु सिन्हा, सोनिया साहू, स्वच्छता प्रभारी प्रेमलाल साहू, दिव्या साहू, अनुशासन प्रभारी भूपेश मीनपाल, पूजा दिवाकर, पुस्तकालय प्रभारी नूतन, गीतांजलि साहू, संस्कृत परिषद कृतिका ध्रुव, राजनीति प्रभारी डीपेंद्र साहू, हेल्थ केयर प्रभारी दुष्यंत पटेल, देविका साहू, बैंकिंग प्रभारी मयंक निर्मलकर, ख्याति यादव, सांस्कृतिक सहसचिव टिकेश्वरी साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति प्रतिनिधि भूपेंद्र निर्मलकर, सांस्कृतिक सचिव हेमंत सिन्हा, रोशन मंडावी बनाए गए। प्राचार्य देवनाथ साहू ने छात्र संघ परिषद को शपथ दिलाई।

## स्कूल की छत से कक्षा दूसरी की छात्रा गिरी



फाइल फोटो

- हाथ में दो जगह फ्रैक्चर और छाती में आई चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कोटाभर्री स्कूल में अध्ययनरत कक्षा दूसरी की छात्रा नन्दकुमारी कमार 8 वर्ष पिता सुखराम कमार शाम 4 बजे स्कूल की छत से गिर गई। इस घटना में उसके हाथ में दो जगह फ्रैक्चर और छाती में चोट लगी है। रात 9 बजे उसे नगरी के शासकीय अस्पताल लाया गया ।प्राथमिक उपचार कर धमतरी जिला अस्पताल रेफर किया गया। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले कमार जाति के लोग अपनी समस्या को खुलकर नहीं बता सकते जिसके चलते उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन लोगों के पास मोबाइल की सुविधा भी नहीं है जिसके माध्यम से 108 को भी कॉल किया जा सकता। नगरी अस्पताल पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को किसी ने फोन करके इसकी जानकारी दी थी। उनकी व्यवस्था धमतरी ले जाने की नहीं हो रही है। हमारे प्रतिनिधि और समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने नगरी अस्पताल के अधिकारी को फोन लगाकर गाड़ी व्यवस्था करने की बात कही। बहुत कोशिश करने के बाद 108 नंबर पर कॉल लगा तब जाकर कहीं आईडी मिली। करीब 10:30 बजे बालिका को धमतरी रेफर किया गया। इस समय स्कूल के एक शिक्षक जो नगरी में निवास करते हैं, वे अस्पताल पहुंचे थे।

इस संबंध में नगरी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि जिले के अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचकर बच्ची के परिवार से मिले और बच्ची का इलाज अच्छा हो इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कोटाभर्री स्कूल पहुंचकर इस बारे में पता किया कि बच्ची कैसे छत से गिरी तो वहां के लोगों ने बताया कि बच्ची स्कूल की छत पर चढ़ी थी और वहीं से जुड़ी एक और छत है जिसमें जा रही थी। इस बीच अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गई और दुर्घटना हो गई और इसकी सूचना स्टाफ के किसी लोगों को नहीं थी।

## 9 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित करने, ललित पर हमला करने वाले पर कार्रवाई की मांग की

- सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को भखारा में मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर से सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने कलेक्टर से मुलाकात की। भखारा कृषि उपज मंडी में होने वाले कार्यक्रम में 10 से 15 हजार लोग इकट्ठे होंगे। आदिवासी समाज को राज्य सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं से मिलने वाले सरकारी लाभ हेतु शासकीय रूप से शासकीय स्टॉल लगाकर प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने इस दिन शुष्क दिवस घोषित करने का निवेदन किया। ललित ध्रुव जंवरगांव निवासी पर जानलेवा हमले करने वाले को गिरफ्तार करने की मांग की। मां अंगार मोती परिसर के विकास एवं हर्बल गार्डन एवं व्यवस्थित दुकान को लेकर भी चर्चा की। आगे कहा कि

धमतरी जिले में 154 आदिवासी परिवार को गैर कानूनी ढंग से कलेक्टरों को जमीन बेचने की परमिशन दी गई है एवं इस आदेश से 94 परिवार की जमीन बेचने का मामला निरस्त किया गया है। इसकी अविलंब जांच की जाए। आदिवासियों की जमीन खरीदी-बिक्री में रोक लगाई जा सके। इस दौरान जीवराखन मरई अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, जयपाल ठाकुर तहसील अध्यक्ष धमतरी, राधेश्याम नेताम उपाध्यक्ष, महेश रावटे कार्यकारी अध्यक्ष, डॉक्टर एआर ठाकुर सलाहकार, कृष्णा नेताम परिक्षेत्र अध्यक्ष, नारायण ध्रुव तहसील अध्यक्ष मगरलोड, ओंकार नेताम मां अंगारमोती ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गंगरेल, हरिशंकर मरकाम युवा प्रभाग आदिवासी समाज समेत अन्य उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद वार्ड में सुनी गई मन की बात

**धमतरी।** पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124वां एपिसोड स्वामी विवेकानंद वार्ड की पार्षद एवं एमआईसी सभापति श्रीमती विभा चंद्राकर के निवास में सुना गया। प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड के किले, सुभांशु शुक्ला की सफलता, बुनकरों की प्रतिभा, मेघालय छत्तीसगढ़ तमिलनाडु के सफाई मित्र सहित कई अन्य विषय पर अपनी बात रखी।

## अतिथि व्याख्याता महापौर से मिले



**धमतरी।** राज्य के सभी शासकीय महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 1 जुलाई से पढ़ाई प्रारंभ हो जानी थी। किंतु 15 जुलाई तक नहीं हो पाई थी । क्योंकि राज्य के लगभग 2800 अतिथि व्याख्याताओं को पुनः आमंत्रित नहीं किया गया था जिसके कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। साथ ही नवीन महाविद्यालयों में प्रवेश और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही थी। अतिथि व्याख्याता लगातार अधिकारियों से एवं जनप्रतिनिधियों से अपनी समस्याओं को लेकर मिलते रहे, किंतु फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। अब अपनी समस्या को लेकर सभी अतिथि व्याख्याता महापौर रामू रोहरा के पास पहुंचे। श्री रोहरा ने अतिथि व्याख्याताओं से पहले समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली। उसके बाद रोहरा जी ने तत्काल प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय को इसकी जानकारी दी। फिर संबंधित अधिकारियों से बात कर इस समस्या का तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अधिकारियों द्वारा अतिथि व्याख्याताओं का नियुक्ति आदेश निकाला गया। अतिथि व्याख्याताओं ने अपनी अन्य समस्याओं को श्री रोहरा के समक्ष रखा है और उनसे इन समस्याओं के समाधान के लिए भी निवेदन किया है जिस पर उन्होंने समस्याओं के विषय पर मुख्यमंत्री से शीघ्र मिलाकर उसका समाधान कराने का आश्वासन मिला। इस अवसर पर कुशल चोपड़ा, भीषम साहू, डॉ जितेंद्र मानकर, डॉ अश्वनी, डॉ आकांक्षा, नरोत्तम साहू, डॉ कामिनी सिन्हा, डॉ श्रवण नाग, अंकिता प्रसाद, डॉ मीनाक्षी तिवारी, डॉ निधि , डॉ नेहा राय, जितेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, उमा द्विवेदी, डीकेश्वरी ध्रुव, अंबिका प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अतिथि व्याख्यात उपस्थित थे।

### शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत कम्पिटिशन में दिखाई प्रतिभा

**धमतरी।** नटराज कला परिषद एवं नटराज संगीत अकादमी द्वारा ऑल इंडिया लेवल पर शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत कम्पिटिशन सनबीम ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन इंस्टिट्यूट वाराणसी में हुई। इस प्रतियोगिता में धमतरी शहर की श्रीमती कलेश्वरी साहू के निर्देशन में कथक नृत्य के दो विद्यार्थी ने अपना प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में गुंजन यादव ने अपना विशेष स्थान बनाया। सीनियर वर्ग में पंखुड़ी कुलकर्णी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## अब ऐश्वर्या के सपनों को मिलेगी उड़ान

- पॉलीटेक्निक कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही छात्रा को मिला लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



संकल्प, समर्पण और सहयोग जब एक साथ मिलते हैं, तो किसी की ज़िंदगी बदल सकती है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण आज धमतरी में देखने को मिला, जब एक ग़रीब लेकिन प्रतिभाशाली छात्रा ऐश्वर्या गंगबेर लोहरसी निवासी को उसकी पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं स्थानीय साथी समूह के सदस्यों के सहयोग से एक लैपटॉप प्रदान किया गया।

जिले के लोहरसी निवासी ऐश्वर्या गंगबेर एक गरीब परिवार से हैं, लेकिन कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना लक्ष्य बना रखा है। वर्तमान में वह रुद्री स्थित भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। ऐश्वर्या के पिता मूर्ति बनाने का काम करते हैं।

किसी तरह अपनी बेटी की पढ़ाई का खर्च उठा रहे हैं। परंतु तकनीकी शिक्षा के इस दौर में लैपटॉप जैसे आवश्यक संसाधन की कमी ऐश्वर्या की पढ़ाई में बाधा बन रही थी। जब यह बात कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के संज्ञान में आई, तो उन्होंने छात्रा की मदद के लिए तत्परता दिखाई। उन्होंने स्थानीय साथी समूह के माध्यम से समाज के जागरूक नागरिकों से मदद की अपील की।

उनकी इस अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए समाजसेवियों ने छात्रा की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया। सोमवार को कलेक्टर श्री मिश्रा की उपस्थिति में साथी समूह के सदस्य आकाश कटारिया, अंकित लाठ एवं निश्चल बोहरा के सहयोग से ऐश्वर्या को एक नया लैपटॉप प्रदान किया गया। यह केवल एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं, बल्कि ऐश्वर्या के सपनों को उड़ान देने का माध्यम बन गया है।

## सचिव, रोजगार सहायक को हटाना पंचायत के हित में नहीं

### सरपंच की कार्यशैली से नाराज उपसरपंच व पंचों ने एसडीएम व जपं सीईओ को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखण्ड के करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत डोंगाडुला में कुछ विवाद खुलकर सामने आ गया है। यहां के सरपंच से नाराज उपसरपंच सहित पंचों ने मिलकर जनपद पंचायत नगरी पहुंचकर सीईओ को ज्ञापन सौंपा। मामला ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव व रोजगार सहायक के तबादले से जुड़ा हुआ है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे पंचों ने आरोप लगाया कि सरपंच द्वारा सचिव व रोजगार सहायक के तबादले की सिफारिश की जा रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि दोनों बेहतर कार्यशैली व पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। पंचों का कहना है कि सचिव व रोजगार सहायक की मेहनत से पंचायत में विकास कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं और ग्रामीण भी उनके कार्य से संतुष्ट हैं। उपसरपंच ने स्पष्ट कहा कि यदि इन कर्मचारियों का तबादला किया गया तो पंचायत की कार्यप्रणाली प्रभावित होगी तथा कई विकास योजनाएं ठप पड़ सकती हैं।

पंचों ने इस मामले में सरपंच की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि व्यक्तिगत कारणों से सचिव व रोजगार सहायक को हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पंचायत के हित में नहीं है। जनपद पंचायत नगरी के सीईओ ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि तबादला नहीं किया जाएगा और वर्तमान कर्मचारी अपने पद पर ही कार्यरत रहेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में सामूहिक रूप से लिया गया निर्णय ही हितकारी सिद्ध होगा। ऐसे में सरपंच और पंचों के बीच सामंजस्य बनना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित न हो।

इधर सरपंच ने कहा कि सचिव, रोजगार सहायक द्वारा पंचायत की कोई गतिविधि या योजनाओं की जानकारी नहीं दी जाती है। मैं गांव की सरपंच हूं तो मुझे भी जानकारी होनी चाहिए। उनकी मनमानी चल रही है। दोनों गांववालों को सरपंच के खिलाफ भड़काने की बात करते हैं। शासन के निर्देशानुसार उनका दूसरी जगह स्थानांतरण हो गया है। उन्हें चले जाना चाहिए। मेरे द्वारा निकालने की बात नहीं की गई है। शासन के नियमों का पालन करने कहा गया है।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर



**पुरूर (धमतरी)।** संगठनात्मक मजबूती के लिए मंडल जोन, सेक्टर कमेटियों के पुनर्गठन अभियान के तहत सोमवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर अंतर्गत मंडल, सेक्टर कमेटी दर्रा दीयाबती का पुनर्गठन करने अकलवारा में ब्लॉक प्रभारी राजेंद्र सोनी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। सर्वसम्मति से किशोर साहू को कनेरी दीयाबाती मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मंडल कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। दर्रा खर्रा सेक्टर अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, खुदंनी सेक्टर, केशू राम साहू नियुक्त किए गए। इस अवसर पर प्रभारी राजेन्द्र सोनी ने संगठन को मजबूत बनाने एवं कांग्रेस पार्टी की रीति नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करने की बात कही। मौके पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, मंडल प्रभारी राजेन्द्र साहू, तामेश्वर साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर प्रभारी जितेंद्र यादव, शादिक अली महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, दीनाराम चेलक महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, टोमन साहू विधायक प्रतिनिधि, अंकुश दीवान युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष, मुकेश कुमार, खोमन सिंह सहित बूथ अध्यक्ष सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में आयुष्मान योजना पूरी तरह फेल

**धमतरी।** प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर फैली अव्यवस्था और आयुष्मान कार्ड योजना की जमीनी विफलता पर विधायक ओंकार साहू ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के इलाज की उम्मीद को भी छीन रही है। मां बीमार है, कार्ड है, लेकिन अस्पताल वाले कह रहे इलाज नहीं होगा... ये शब्द हैं धमतरी क्षेत्र के सैकड़ों मजदूर का, जो अपनी मां के इलाज के लिए तीन दिन से अस्पताल दर अस्पताल लेकर भटक रहा है। ऐसी ही हज़ारों पीड़ाएं अब पूरे छत्तीसगढ़ में गूंज रही हैं, क्योंकि आयुष्मान कार्ड योजना अब सिर्फ नाम की योजना बनकर रह गई है। आयुष्मान योजना का नाम तो है, लेकिन इलाज के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में जिस आयुष्मान योजना को जमीन पर मजबूती से लागू किया गया था, आज वह पूरी तरह लाचार और अपाहिज हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ एक योजना की विफलता नहीं है, यह गरीबों की सेहत और सम्मान के साथ धोखा है।



■ विधायक ओंकार साहू ने भाजपा सरकार को घेरा

### फसल बीमा कराने की अंतिम मौका 31 तक

**दुर्गुकोंदल।** संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई। प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निरंजन नरेटी ने बताया है कि छग शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत विकास खंड दुर्गुकोंदल के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं कुटकी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक एवं बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं।

### आवेदनों का अफसर करें निराकरण : कलेक्टर

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 18 आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों ने सीमांकन कराने, मुआवजा तथा भवन दिलाने, भूमि सीमांकन कराने, स्थानांतरण कराने, कब्जा हटाने, राशन कार्ड दिलाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

महापौर ने वार्डवासियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

# विवेकानंद वार्ड में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के विवेकानंद वार्ड में नागरिकों ने मोहल्ला एवं गलियों में स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें सैकड़ों युवा, बुजुर्ग, महिलाएं बच्चों ने अपनी सहभागिता दी । सफाई के दौरान वार्ड के कोने-कोने को साफ किया। मौके पर पहुंचे महापौर रामू रोहरा ने इस कार्यक्रम को प्रेरणास्पद, जनभागीदारी और उत्साह का प्रतीक बताते हुए सभी नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नागरिकों के साथ निगम के सफाई मित्र, अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे। वार्डवासियों ने अपने मोहल्ले की गली को हमेशा साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया। बड़ों को देख युवा और छोटे बच्चे भी घर से झाड़ू लेकर सफाई कार्य में हाथ बंटाया। स्कूली बच्चों ने भी स्वच्छता की अलख जगाते हुए स्लोगन और नारेबाजी के बीच जागरूकता रैली निकाली।



इस मौके पर महापौर ने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी के साथ जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। यह कदम शहर को साफ सुंदर और स्वच्छ रखने में मदद करेगा। यह आयोजन हर वार्ड, हर गली में होना चाहिए। झिल्ली, पॉलीथिन, प्लास्टिक का पूरी तरह त्याग होना चाहिए।

इस अवसर पर महापौर ने सभी सफाई मित्रों, उत्कृष्ट नागरिकों तथा सम्मान किया। नागरिकों से सुझाव और फीडबैक प्राप्त किया। स्वच्छता से विकास संभव इस मूलमंत्र के साथ सफाई में भागीदारी में निभाएं। नागरिकों की जागरूकता और एकजुटता से ही निगम अपने उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को जल्द प्राप्त कर सकेगा। नगर निगम का प्रयास है कि स्वच्छ धमतरी, सुंदर धमतरी की दिशा में जल्द आगे बढ़े।

मौके पर आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, शशांक मिश्रा, कमलेश ठाकुर, एसआईसी मेंबर विभा चन्द्राकर, पवन गजपाल, विनय जैन, पार्षद चन्द्रभागा साहू, भारती साहू, आशा लोधी, संजय देवांगन, कुलेश सोनी, शैलेन्द्र रजक, छोटू वर्मा, महेन्द्र खंडेलवाल सहित सैकड़ों वार्डवासी उपस्थित थे।

# समाज के विकास, शिक्षा रोजगार पर दिया जोर



■ छग वाल्मिकी समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग वाल्मिकी समाज की आवश्यक बैठक कुशालपुर रायपुर के सामुदायिक भवन में रखी गई। बैठक का मुख्य एजेंडा समाज का विकास, समाज के लोगों को शिक्षित करना, रोजगार तथा आर्थिक स्थिति को मजबूत करना था। सामूहिक विवाह पर चर्चा की गई। इस दौरान रायपुर एवं भाठापारा (बलौदाबाजार जिले) के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष एवं पाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा निनुक्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। प्रदेश की टीम में हर जिले से दो-दो प्रदेश पदाधिकारी बढ़ाकर विस्तारीकरण किया गया।

मौके पर प्रदेश महासंरक्षक कामता गोदरे, प्रदेश मुख्य सलाहकार सम्मन सेवती, प्रदेश अध्यक्ष संजय डागौर, प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन डागौर, महासचिव विकास सिहोते, कोषाध्यक्ष सुधीर राठौर, प्रदेश प्रवक्ता संदीप डागौर, संगठन मंत्री अनिल डागौर, सहायक मीडिया प्रभारी राकेश राठौर समेत अन्य मौजूद थे।

## राजस्व कर्मचारियों ने तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के आंदोलन को दिया समर्थन



■ मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के आंदोलन को समर्थन किया है। इसके लिए कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। राजस्व कर्मचारी धर्मेन्द्र साहू, संतोष दीवान, मुकुंद नेताम, मनीष कुमार, टेकराम ध्रुव, सरिता साहू, पूर्णिमा यादव, हेमंत सोनी ने ज्ञापन में कहा कि अधिकारियों की प्रमुख मांग राजस्व विभाग में स्वीकृत सेट अप की पदस्थापना, नायब तहसीलदार के पद पर लिपिक संवर्ग के लिए आरक्षित पद पर लिपिकीय संवर्ग के लिए आरक्षित पद पर लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों की शीघ्र नियुक्ति, सभी लिपिकीय कर्मचारियों को 500 रुपए मोबाइल भत्ता शीघ्र दिया जाए। लिपिकीय संवर्ग सहायक ग्रेड 3 में पद पर भर्ती नियम, संशोधित करते हुए पदनाम डाटा एंडी आपरेटर ग्रेड 3 किया जाए तथा उसे अनुकंपा पदोन्नति की जाए जिससे डाटा एंटी आपरेटर एवं सहायक ग्रेड 3 के मध्य वेतन में भिन्नता तथा लिपिकीय संवर्ग की बरसों पुरानी वेतन विसंगति की मांग का निराकरण हो सके।

# भाजपा महिला मोर्चा ने नक्सली क्षेत्र में तैनात जवानों के लिए भेजी राखी

■ प्रतीकात्मक रूप से एसपी एवं एएसपी को राम नाम का रक्षासूत्र बांधा, मुंह मीठा कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा महिला मोर्चा ने नक्सली क्षेत्र में तैनात जांबाज सैनिकों के लिए राखी भेजी। राखी के साथ मिश्री, चावल एवं तिलक भी भेजा। वरिष्ठ भाजपा नेत्री पार्वती वाधवानी ने बताया कि नक्सली क्षेत्र में सैनिक उस स्थान पर रहते हैं जहां सूरज की किरणों का भी पहुंचना मुश्किल होता है। घने जंगल में रहकर हम लोगों की रक्षा करते हैं।

पंजाब, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड समेत अनेक राज्यों से आते हैं। इस पर्व पर जब बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती है तब वे जंगल में हमारी सुरक्षा के लिए तैनात होते हैं। उस वक्त घने जंगल में उनकी बहनें उन तक नहीं पहुंच पाती। उनकी कलाई सूनी न रहे यह सोचकर भाजपा महिला मोर्चा की बहनें उनकी कलाई के लिए रक्षा सूत्र भेजती हैं। यह परंपरा लगभग 21 वर्षों से हम निभा रहे हैं। मोर्चा की महिलाओं ने एसपी धमतरी के माध्यम से रक्षासूत्र भेजा। प्रतीकात्मक पुलिस अधीक्षक एवं एडिशनल एसपी को रक्षासूत्र बांधा। पार्वती वाधवानी ने विजय का तिलक लगाया और राम नाम का रक्षा सूत्र उसके हाथों में बांधा और मुंह मीठा कराया।



मौके पर सरला जैन, खिलेश्वरी किरण, अर्चना चौबे, कोषाध्यक्ष श्रीमती हेमलता शर्मा, बीथिका विश्वास, रितिका यादव, चंद्रकला पटेल, महामंत्री मोनिका देवांगन, श्यामा साहू, सुनीता पंजवानी, भारती खंडेलवाल, सुशीला तिवारी, दमयंती गजेंद्र, सरिता असाई, ईश्वरी पटवा, संगीता जगताप, रेशमा शेख, उषा कौशिक, सीमा चौबे, बरखा शर्मा, राजकुमारी मेश्राम, गीता शर्मा, संतोषी साहू, सरिता यादव, रुक्मणि सोनकर, अनीता यादव, रेखा शांडिल्य, अनीता सोनकर, ममता सिंह, ईश्वरी नेताम, डाली सोनी, नीतू त्रिवेदी, दमयंती साहू, पवित्रा दीवान, आशा श्रोती उपस्थित थे।

## खेतों में जल भराव से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खेतों में जल भराव के कारण खरेंगा के किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का निराकरण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। दर्री में इस समस्या के निराकरण के लिए बैठक हुई। किसान आंदोलन किया। ग्रामीणों ने एसडीएम, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को अपनी पीड़ा बताते हुए तत्काल समस्या का समाधान करने की बात रखी। मौके पर ऋषभ देवांगन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, दयाराम साहू, हिंरेंद्र साहू, तामेश्वर साहू, दीनूराम साहू, दिलीप साहू, राजेंद्र भारती, भूपेंद्र वैष्णव, कमल, चतुर निषाद, प्रीतम साहू, रामखिलावन साहू, बिसेंद्र साहू, योगेश साहू, कमल साहू, देवेंद्र साहू, भादूराम ध्रुव, रामेश्वर चक्रधारी आदि उपस्थित थे।

## पुल-पुलिया, तटबंध एवं नाला निर्माण कार्य के लिए 2.90 करोड़ स्वीकृत



■ महापौर रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (एसडीएमएफ) वर्ष 2025-26 अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में पुल-पुलिया, तटबंध एवं नाले जैसे 12 महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए 2.90 करोड़ की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई है। यह निर्णय शहर की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। महापौर रामू रोहरा के सतत प्रयास और प्रतिबद्धता का यह परिणाम है कि धमतरी को यह अहम स्वीकृति प्राप्त हुई। इस अवसर पर महापौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, जिले के प्रभारी मंत्री टंकाराम वर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी की जनता को वर्षों से जलभराव, बाढ़ और मूलभूत ढांचे की समस्याओं का सामना करना पड़ता रहा है। इस निधि से मिलने वाली राशि इन समस्याओं को स्थायी रूप से सुलझाने में सहायक सिद्ध होगी। यह निर्णय शहर की सुरक्षा और समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा जल्द ही निर्माण कार्यों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कर जनता को शीघ्र लाभ पहुंचाया जा सके। उल्लेखनीय है कि यह स्वीकृति महापौर के नेतृत्व में नगर निगम के सक्रिय प्रयासों का परिणाम है। इससे धमतरी शहर को आपदा प्रबंधन के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण में उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी।

## कलारतराई स्कूल के छात्रों को कम्पास बॉक्स बांटा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बेटी पूजा साहू के आठवें जन्मदिन पर पिता कुंदन साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला कलारतराई के बच्चों को कम्पास बॉक्स का वितरण किया। पांचवें जन्मदिन पर बच्चों को टाई बेल्ट दिया गया था।

इस अवसर पर जान्हवी, पीहू साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष रवि प्रकाश सेन, शिक्षक रामकुमार साहू, प्रकाश निर्मलकर, सुनदास चतुर्वेदी, जितेंद्र रामटेके, श्रीमती गीता नेताम समेत कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे उपस्थित थे।

## नाग शिवजी की शक्ति, संतुलन और धैर्य का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ ज्ञान अमृत स्कूल में नाग पंचमी मनाई गई

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में नाग पंचमी का पर्व पूजा-अर्चना कर मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा नाग के छायाचित्र पर पुष्पमाला व गुलाल लगाकर पूजा-अर्चना की गई। कई विद्यार्थियों ने अपने घरों से मिट्टी के नाग बनाकर लाये थे।

प्राचार्य विनोद पाण्डेय ने कहा कि नाग पंचमी का भगवान शिव से प्यारा संबंध है । भगवान शिव कों नागों का देवता माना जाता है। उनके गले में हमेशा एक विशाल नाग लिपटा हुआ दिखाई देता है। उसे वासुकी नाग कहा जाता है। नाग शिवजी की शक्ति, संतुलन और धैर्य का प्रतीक है। शिक्षिका श्रीमती भुनेष्वरी देवांगन ने कहा कि हिन्दुओं का यह पर्व नाग देवता को समर्पित है। हिन्दू पंचांग के अनुसार यह पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। जब वर्षा ऋतु में खेतों में पानी भर जाता है, तब नाग भूगर्भ से निकलकर भूतल में आ जाते हैं। वे खेतों को नुकसान पहंचाने वाले कीड़े-मकौड़े एवं जीव-जंतु से हमारी फसलों की रक्षा करते हैं। इस अवसर पर श्रीमती ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, रूमानी कुरैशी, हेमलता देवांगन, ज्योति सोनी, गायत्री दुबे, प्रिया शर्मा, शीतल सोनी, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, अल्फिया शेख, पायल नामदेव, फाल्गुनी शिन्दे, नीलम साहू, प्रकृति पाण्डेय, संस्कृति पाण्डेय, दीपिका पटेल, मोनिका बांधे, आदित्य दुबे, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू समेत अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



### सूक्ष्म जैविक बैक्टीरिया के उपयोग की दी जानकारी

**पुरूर(धमतरी)।** शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक एवं समिति प्रबंधकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सूक्ष्म जैविक बैक्टीरिया के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।







### गिरौद स्कूल समिति की उपाध्यक्ष को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**मगरलोड।** शासकीय माध्यमिक शाला गिरौद की उपाध्यक्ष एवं प्राथमिक शाला की सदस्य श्रीमती राधिका निषाद को स्कूल में शैक्षणिक कार्यों एवं सामुदायिक सहभागिता के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शैक्षणिक किट सह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राधिका निषाद की शुरू से ही पढ़ाई लिखाई में रूचि रहीं है। स्मार्ट टीवी, भारत माता की मूर्ति एवं पेड़ पौधा हेतु क्यारी निर्माण में अमूल्य योगदान रहा है। विनोबा एप्प में भी जोड़ा गया है जिसमें स्कूल की गतिविधियों, निरिक्षण एवं पौधरोपण कार्यों में भी सहयोग रहा है।

### खरेंगा स्कूल में फूलदार छायादार एवं फलदार पौधे रोपे

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। सरपंच श्रीमती नीलम साहू, सुभाष साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, राम खिलावन साहू सदस्य, प्राचार्य श्रीमती अनीता वैद्य, एमआर निषाद सचिव, टीआर साहू, पंचगणों, शिक्षकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत खेल परिसर में फूलदार, छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर अपने दायित्व का निर्वहन किया।







